अथवा

हिंदी साहित्य जगत् में प्रेमचंद की देन पर प्रकाश डालिए ।

3. प्रेमचंद के साहित्य में आदर्शवाद और यथार्थवाद के समन्वय को स्पष्ट कीजिए । **12**

अथवा

प्रेमचंद के साहित्य में वर्णित कृषक समस्याओं पर प्रकाश डालिए ।

4. प्रेमचंद का नारी विषयक दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए । **12**

अथवा

प्रेमचंद के कथा साहित्य में शिल्प विधान पर प्रकाश डालिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर **200-200** शब्दों में दीजिए : **4×4=16**

(क) 'बड़े भाई साहब' कहानी के कथ्य पर प्रकाश डालिए ।

No. of Printed Pages : 06 Roll No. .....

55112

M.A. (NEP-2020) EXAMINATION, 2026

(Second Semester)

HINDI

प्रेमचंद

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks :* 70

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पाठांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **2×6=12**

(क) थोड़ी देर में अलाव जल उठा । उसकी लौ ऊपर वाले वृक्ष की पत्तियों को छू-छूकर भागने लगी । उस स्थिर प्रकाश में बगीचे के विशाल वृक्ष ऐसे मालूम होते थे, मानो उस अथाह अंधकार को अपने सिरों पर संभाले हुए हो । अंधकार के उस अनंत सागर में यह प्रकाश एक नौका के समान हिलता, मचलता हुआ जान पड़ता था ।

(ख) अब दोनों शक्तियों में संग्राम होने लगा । धन ने उछल-उछल कर आक्रमण करने शुरू किए। एक से पाँच, पाँच से दस, दस से पन्द्रह और पन्द्रह से बीस हजार तक नौबत पहुँची, किन्तु धर्म अलौकिक वीरता के साथ इस बहुसंख्यक सेना के सम्मुख अकेला पर्वत की भाँति अटल अविचलित खड़ा था ।

(ग) मैं दिल से तो नहीं चाहता कि अपने बहुमूल्य मुकुट उन्हें या उनके मित्रों को दे दूँ, लेकिन यदि मेरे पास इस तरह का कोई डेपुटेशन आवेगा, तो अनिच्छा से ही सही, पर ज्यादा हिचड़-पिचड़ न करूँगा, क्योंकि मैं समय की रफ्तार पहचानता हूँ और जानता हूँ कि इस डिक्टेटरशिप के जमाने में मुकुट कोई लुभावनी वस्तु नहीं है ।

(घ) जब साहित्य पर संसार की नश्वरता का रंग चढ़ा हो, और उसका एक-एक शब्द नैराश्य में डूबा हो, समय की प्रतिकूलता के रोने से भरा हो और शृंगारिक भावों का प्रतिबिम्ब बन गया हो, तो समझ लीजिए कि जाति जड़ता और ह्रास के पंजे में फंस चुकी है और उसमें उद्योग तथा संघर्ष का बल बाकी नहीं रहा ।

2. शिवरानी देवी कृत जीवनी 'प्रेमचंद घर में' के आधार पर प्रेमचंद के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालिए । **12**

(ख) 'नमक का दारोगा' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'पूस की रात' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

(घ) 'साहित्य की प्रगति' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) प्रेमचंद की दृष्टि में साहित्य का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

(च) 'जीवन में साहित्य का स्थान' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

(छ) 'बूढ़ी काकी' कहानी में चित्रित समस्या का प्रतिपादन कीजिए ।

6. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6×1=6**

(क) 'प्रेमचंद घर में' जीवनी की लेखिका कौन है ?

(ख) 'बूढ़ी काकी' कहानी किसकी है ?

(ग) प्रेमचंद का निधन किस वर्ष हुआ ?

(घ) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध के रचयिता कौन हैं ?

(ङ) 'साहित्य और मनोविज्ञान' निबंध के रचयिता कौन हैं ?

(च) 'शंकर' प्रेमचंद की किस कहानी का पात्र है ?

❖❖❖❖❖❖❖